भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 382
जिसका उत्तर मंगलवार 18 जुलाई, 2017 को दिया जाना है

ऑटो उद्योग का विकास

382. श्री बी एन चन्द्रप्पा:
श्री डी के सुरेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के संज्ञान में आया है कि भारत का ऑटो उद्योग विश्व बाजार में सबसे बड़ा उद्योग बन गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को जानकारी है कि उद्योग के विकास के लिए योगदान दे रहे देश के ऑटोमोबाइल बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार देश की समग्र अर्थव्यवस्था के विकास के लिए ऑटो उद्योग की संभावनाओं के बेहतर उपयोग के लिए कोई उपाय कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): जी, हां। भारत विश्व में ऑटोमोबाइल के विविध सेगमेंटों में एक अग्रणी बाजार है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) द्वारा साझा की गई सूचनाओं के अनुसार, भारत विश्व में परम्परागत दुपहिया बाजार के सबसे बड़े, बस सेगमेंट के दूसरे बडे, यात्री वाहन बाजार के पांचवें बडे और सकल वाणिज्यिक वाहन सेग्मेंट में छठे सबसे बडे बाजार के रूप में उभरा है।

(ग), (घ) और (ड.): जी, हां। विभिन्न वाहन सेगमेंटों में विभिन्न घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएमएस) की उपस्थिति से उत्पादों, कीमत निर्धारण, डिजाइन और प्रौद्योगिकी में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। सरकार ने भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण उपाय किए हैं। ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2006-16 प्रारंभ किया गया है और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। भारत सरकार द्वारा ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2026 को भी अंतिम रूप दिया गया है।

*****